परमात्मा को प्रेम के वशीभूत भक्त वश में कर सकता है-संत गोपीराम

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। अग्रवाल महिला मंडल द्वारा अठासेन विहार में आयोजित भागवत कथा के सप्तम दिवस संत गोपीराम महाराज वृंदावन ने कहा कि परमात्मा दयालु है, दुष्ट प्रकृति के लोगो के कल्याण के लिये दयालुता का भाव रहता है। परमात्मा प्रेम के भूखे हैं, प्रेम के वशीभूत होकर ही प्रभु राम सबरी के झूठे बेर खा लिये, प्रेम से ही भक्त प्रभु को अपने वश में कर सकता है। कथा पंडाल में रासबिहारी सरकार की जै के जयकारे के बीच संत गोपी राम महाराज ने उद्धव गोपी संवाद को मार्मिक ढंग से सुनाते हुए कहा कि ब्रजमंडल में की गई बाल लीलाओं का गोपियों को अत्यंत आनंद आता था।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में हुआ आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान

अजमेर, (कासं)। बहनों का सुरक्षा सम्मान कार्यक्रम में आंगनबाड़ी बहनों का जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री संग रक्षाबन्धन का मुख्य कार्यक्रम जयपुर में आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की कलाई पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. मंजू बाघमार एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रक्षा सूत्र बांधे और उपहार पाए। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि सरकार बहनों की सुरक्षा और सम्मान के लिए तत्पर है। यह हमारी संस्कृति है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। इसका सीधा प्रसारण डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेडिकल कॉलेज सभागार में किया गया। इसमें भी आंगनबाड़ी बहनों का सम्मान हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक अनिता भदेल ने आंगनबाड़ी बहनों के कार्य की सहराना की।

विधायक अनिता भदेल ने कहा कि आंगनबाड़ी की बहनें प्रशासन की अंतिम कड़ी के रूप में समाज से सीधे जुड़ी रहती है। इनका बच्चों एवं महिलाओं से सम्बन्धित पोषण का महत्त्वपूर्ण कार्य है। इस कारण आमजन तक सीधी पहुंच रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इनके कार्य के महत्त्व को समझते है। इसीलिए इनके हित के लिए निर्णय लिए जा रहे है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इन मानदेय कर्मियों को राज्य कर्मी बनाने के लिए विकल्प दिया गया है। अब ये महिला सुपरवाईजर से लेकर सीडीपीओ तक बन रही है। इन बहनों का भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री लगातार कार्य कर रहे है। इनके मानदेय में भी लगातार वृद्धि की गई है।

इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आंगनबाड़ी बहन माता यशोदा की तरह समाज के कान्हा का पोषण करती है। इस प्रकार कान्हा तैयार होने से समाज में परिवर्तन अवश्यम्भावी है। नन्द घर उसी यशोदा मैया के कार्य को साकार रूप देने का स्थल है। भारतीय परम्परा में जन्म देने वाली मां से संस्कार और पालन-पोषण करने वाली माता को महत्त्वपूर्ण माना गया है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी को बालक जीवन भर याद रखता है। उसे वहां वात्सल्य का आंचल मिलता है। आंगनबाड़ी बहनें प्रत्येक बच्चे को राधिका और कान्हा मानकर पोषण करती है। इस प्रकार से तैयार बच्चे नए देश और समाज का निर्माण करेंगे। रक्षासूत्र से भाईयों और बहनों में आत्मिय भाव उत्पन्न होता है। उप महापौर नीरज जैन ने कहा कि आंगनबाड़ी की बहनें बच्चों को मां की तरह रखती है।

इस अवसर पर अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, अतिरिक्त जिला कलेक्टर वन्दना खोरवाल, मुख्य आयोजना अधिकारी रूद्रा रेणु, जिला रोजगार अधिकारी मधुसदन जोशी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधी एवं आंगनबाड़ी बहनें उपस्थित रहे।

शक्ति दिवस पर किशोरियों को एनीमिया से बचाव की मिली सीख

भीलवाड़ा। विद्यालयों में अध्ययनरत् किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और भावी पीढ़ियों को एनीमिया से मुक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को भारत विकास परिषद व चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में आयोजित शक्ति दिवस के अंतर्गत जिलेभर में राजकीय विद्यालयों में एनीमिया जांच शिविरों का आयोजन किया गया। जांच शिविर में अधिकाधिक लाभार्थी किशोरियों को चिकित्सा विभाग की निःशुल्क जांच व उपचार जैसी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित किया गया। यह आयोजन एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किशोरी छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के दौरान एनीमिया जांच किट से हीमोग्लोबिन (एचबी) की मौके पर ही जांच की गई।

अपना घर वृद्धाश्रम स्थित शिवालय में कलश स्थापना की

भीलवाड़ा। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम परिसर स्थित शिवालय के गुंबद पर कलश स्थापना की गई एवं मंत्रोचार के बीच औम का केसरिया झंडा लगाया गया विश्वनाथ पंकज सुरेखा ,श्याम अग्रवाल द्वारा प्रातः शिव अभिषेक कर दूधाधारी गोपाल मंदिर के कल्याण शर्मा के नेतृत्व में सात पंडितों द्वारा कलश की पूजा कर कलश का अभिषेक करते हुए विधि विधान पूर्वक ध्वजा की पूजा अर्चना कर बैंड बैन्ड बाजो की सुमधुर आवाज के बीच स्थापना हुई की गई कलश स्थापना के कार्यक्रम के तहत वृद्ध आश्रम को आकर्षक रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं फूलों से सजावट की गई।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-810 जाहिर आम सूचना दिनांक-05-08-25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4/32, साकेत नगर, ब्यावर क्षेत्रफल 90.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री घनश्याम गुप्ता पुत्र श्री हरी नारायण को आवंटित कर दिनांक 09.01.1990 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री घनश्याम गुप्ता पुत्र श्री हरी नारायण द्वारा आवास का बेचान जरिये इकरारनामा मुख्त्यारनामा एवं वसीयतनामा के श्री पांचू सिंह पुत्र श्री राम सिंह को कर दिया गया है। मण्डल द्वारा दिनांक 27.07.2002 को श्री पांचू सिंह पुत्र श्री राम सिंह के पक्ष में नियमितीकरण के आदेश जारी किये गये। नियमितीकरण पश्चात श्री पांचू सिंह पुत्र श्री राम सिंह द्वारा दिनांक 16.08.2002 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात् श्री पांचू सिंह पुत्र श्री राम सिंह द्वारा आवास का बेचान श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री कालू सिंह को दिनांक 25.07.2025 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2463 में पृष्ठ संख्या 80 क्रम संख्या 202503003107055 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5388 के पृष्ठ संख्या 324 से 336 पर दिनांक 25.07.2025 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री कालू सिंह ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती कान्ता देवी पत्नि श्री कालू सिंह का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड

(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: जी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

शाखा कार्यालय बंद करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी उक्त **अरैन शाखा** - ग्राउंड फ्लोर, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास, किशनगढ़ रोड, अरैन, तहसील-अरैन, जिला-अजमेर-305813 (राजस्थान) को 6 नवम्बर 2025 की प्रभावी तिथि से बंद कर रहे हैं:-
अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारी अन्य शाखा कार्यालय **किशनगढ़ शाखा** - प्लॉट नंबर-5, पहली मंजिल, "श्री" कॉलोनी, मिर्जा कार बाजार के पास, रामनेर रोड, मदनगंज, किशनगढ़, जिला-अजमेर-305801 (राजस्थान) के पते पर संपर्क करें।

आम सूचना

आमजन को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री शंकर उर्फ शंकर सिह रावत पुत्र श्री छीतर, जाति रावत, निवासी-101 रावत मौहल्ला, लोहागल अजमेर द्वारा अपनी खातेदारी आराजी जो कि ग्राम लोहागल तहसील व जिला अजमेर मे स्थित है, जिसका खाता संख्या 339 के खसरा नम्बर 547 रकबा 0.5700 हैक्टयर में निहित अपना 1/3 हिस्से को ओमप्रकाश रावत पुत्र श्री भैरू सिंह रावत, जाति रावत, निवासी-नारीशाला के पास, लोहागल, अजमेर को विक्रय करने का इकरार किया गया है, उक्त भूमि पर विचाराधीन वाद को शंकर सिंह द्वारा समाप्त करवाया जायेगा, अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त इकरार या क्रय विक्रय के सम्बंध में कोई उज्र व ऐतराज हो तो वह 7 दिवस के भीतर मुझ अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित मे आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति अमान्य मानी व समझी जायेगी। भवदीय- मोहित सिंह चौहान एडवोकेट

1976 स्कूली बालिकाओं की एनीमिया की जांच

■ एनीमिया की जांच की व जिन बालिकाओं में खून की कमी थी उनको गुड व चना का वितरण किया

बिजयनगर, (निसं)। भारत विकास परिषद के प्रांतीय प्रकल्प स्वास्थ्य पहल एनीमिया मुक्त राजस्थान में भा वि परिषद बिजयनगर द्वारा शहर के 12 स्कूलों में एनीमिया जांच की गई जिसमें भारत विकास परिषद के सदस्यों व ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मसूदाएवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी बिजयनगर की मेडिकल टीम ने शहर की स्कूलों में 1976 बालिकाओं की एनीमिया की जांच की व जिन बालिकाओं में खून की कमी थी उनको गुड व चना का वितरण किया गया। मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी मसूदा डॉक्टर शैलेंद्र लाखन व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी विजयनगर डॉक्टर अरविंद उदय ने विभिन्न स्कूलों में जाकर शिविर का निरीक्षण किया। भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों ने अपनी बहुत अच्छी सेवाएं दी। जिन बालिकाओं में खून की कमी पाई गई उन्हें चिकित्सा अधिकारी ने दवाइयां देने की हिदायत दी व टीम को समय-समय पर उनकी जांच करने के लिए कहा। इ्स अवसर पर एस एन जोशी,विमल भंसाली, दिनेश पीपाड़ा, रमेश चन्द शर्मा,डॉ कुंजलता सारस्वत, डॉ कल्पना अठावाल, ललिता जैन, नवीन चौपड़ा, अर्पित कावडियाँ, नवीन लोढ़ा, लक्ष्मण शर्मा, बुद्धिप्रकाश पारीक, अरविन्द पंचोली, सिद्धार्थ बघेरवाल, राजेश सोनी, बृजराज पुरोहित, विनोद नाहर, दिनेश आसवानी, प्रहलाद रायसिंघानी, महावीर टेलर, श्याम लाल शर्मा, वीर चन्द चन्द, संगीता गर्ग,, अमिता साँखला, दीपमाला तलेसरा, ममता प्यागी, निर्मला छीपा, रेखा भंसाली, शशि बूरड़ डिम्पल सुराणा, टीना पीपाड़ा, उमा सोनी, सरिता जैन, अंकिता धनोपिया, रुचिता बोरडिया, निशा अंबाणी,संगीता भण्डारी, ऊषा जैन आदि महिला एवं पुरूष सदस्य उपस्थित रहे।

चेतक एक्सप्रेस में लगेंगे नए आधुनिक एलएचबी कोच

■ नए आधुनिक एलएचबी कोच लगाने हेतु विषय को उनके द्वारा पूर्व मे लिखे गए पत्र के माध्यम से पुनः स्मरण करवाया

भीलवाड़ा। सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज संसद मे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को गाड़ी सं 20473/20474 (चेतक एक्सप्रेस) के दशको पुराने डिब्बों को बदलकर नए आधुनिक एलएचबी कोच लगाने हेतु विषय को उनके द्वारा पूर्व मे लिखे गए पत्र के माध्यम से पुनः स्मरण करवाया।

साँसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल ने भीलवाड़ा से दिल्ली चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन चेतक एक्सप्रेस में पुराने यात्री डब्बों को बदलकर नए सर्वसुविधायुक्त आधुनिक तकनीक के बने एल एच बी कोच लगवाने की केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर मांग की।

इस विषय पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय के संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए।

साँसद अग्रवाल ने कहा इस जल्द भीलवाड़ा से दिल्ली सफर करने वालो को चेतक एक्सप्रेस में नए तकनीक से बने सर्वसुविधायुक्त कोच का लाभ मिलेगा ।।इससे सफर और अधिक आरामदायक बनेगा।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-808 जाहिर आम सूचना दिनांक-05.08.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4/254. पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री इन्द्रजीत टहिलयानी पुत्र स्व. श्री प्रभुदास टहिलयानी को आवंटित कर दिनांक 27.05.2014 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री इन्द्रजीत टहिलयानी पुत्र स्व. श्री प्रभुदास टहिलयानी द्वारा दिनांक 12.06.2018 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री इन्द्रजीत टहिलयानी पुत्र स्व. श्री प्रभुदास द्वारा आवास का बेचान श्री गोविन्द प्रसाद पुत्र स्व. श्री राधेश्याम शर्मा को दिनांक 27.06.2018 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1978 में पृष्ठ संख्या 193 क्रम संख्या 201803001103998 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4907 के पृष्ठ संख्या 312 से 324 पर दिनांक 27.06.2018 को चस्पा किया गया है। अब श्री गोविन्द प्रसाद पुत्र स्व. श्री राधेश्याम शर्मा ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री गोविन्द प्रसाद पुत्र स्व. श्री राधेश्याम शर्मा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-807 जाहिर आम सूचना दिनांक-05.08.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3-ग-33, आनासागर सरक्यूलर रोड, अजमेर योजना में श्री बृज मोहन सिंह पुत्र श्री किशन सिंह को आवंटित कर दिनांक 05.09.1985 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री बृज मोहन सिंह पुत्र श्री किशन सिंह द्वारा दिनांक 28.03.2005 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया है। श्री बृज मोहन सिंह की मृत्यु 29.06.2013 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती चन्द्रा सिंह पत्नी स्व. श्री बृज मोहन सिंह के पक्ष में मण्डल द्वारा दिनांक 24.02.2015 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती चन्द्रा सिंह की मृत्यु दिनांक 14.08.2016 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री पुनीत प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री बृज मोहन सिंह द्वारा मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। श्री पुनीत प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री बृज मोहन सिंह के पक्ष में उनकी बहिन श्रीमती निधि सिंह द्वारा जनरल पॉवर ऑफ अर्टोनी निष्पादित की गई है। मण्डल द्वारा दिनांक 24.05.2003 को श्री पुनीत प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री बृज मोहन सिंह एवं श्रीमती निधि सिंह पत्नि श्री विश्वजीत धामिजा दोनों के पक्ष में मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री पुनीत प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री बृज मोहन सिंह पुत्र द्वारा स्वयं व बहैसियत मुख्तारआम श्रीमती निधि सिंह पत्नि श्री विश्वजीत धामिजा पुत्री स्व. श्री बृज मोहन सिंह द्वारा आवास का बेचान श्री मनोज कुमार वृन्दानी पुत्र श्री बी.एस. वृन्दानी को दिनांक 17.08.2023 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 13.01.2025 को श्री मनोज कुमा वृन्दानी पुत्र श्री बी.एस. वृन्दानी के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री मनोज कुमार वृन्दानी पुत्र श्री बी.एस. वृन्दानी द्वारा आवास का बेचान श्री अश्वनी बदलानी पुत्र श्री आसन बदलानी को दिनांक 08.11.2024 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2271 में पृष्ठ संख्या 84 क्रम संख्या 202403001109722 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 6077 के पृष्ठ संख्या 577 से 589 पर दिनांक 08.11.2024 को चस्पा किया गया है। अब श्री अश्वनी बदलानी पुत्र श्री आसन बदलानी ने उक्त आवास से संबंधित नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री अश्वनी बदलानी पुत्र श्री आसन बदलानी का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल,खंड अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत (हक त्याग पत्र) के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बोराज योजना के आवासीय/व्यावसायिक खसरा नं. 62,63,64,3758/65 भूखण्ड संख्या.....क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर के आवंटी/अन्तरिति स्व. श्री आयुष हेडा पुत्र रजनीश हेडा निवासी अजमेर की मृत्यु दिनांक 02/12/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा संलग्न कर मृतक के वारिसों प्रियंका हेडा पत्नी स्व. श्री आयुष हेडा निवासी-1 रेम्बल रोड नियर हिल्व्यू स्कूल क्रिश्चियनगंज अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती उषा हेडा पत्नी श्री रजनीश हेडा निवासी-1 रेम्बल रोड नियर हिल्व्यू स्कूल क्रिश्चियनगंज अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 01/08/2025 को मेरे नाम कर दिया उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आंवटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटडा योजना के आवासीय/भूखण्ड संख्या 6 क्षेत्रफल 186.53 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती सावित्री देवी गौड पत्नि स्व. रतन सिंह नरूका निवासी सुन्दर नगर कोटडा अजमेर की मृत्यु दिनांक 31/1/2013 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश (1) श्रीमती नीलू नरूका पुत्री स्व रतन सिंह नरूका पत्नि नारायण सिंह परिहार (जयपुर) (2) श्रीमती शिखा नरूका पुत्री स्व रतन सिंह नरूका पत्नि भरत सिंह चौहान निवासी 60 विनायक विहार कॉलोनी फॉई सागर रोड अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आंवटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की कोटडा योजना के आवासीय/भूखण्ड संख्या 210 क्षेत्रफल 213.33 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती कल्पना लवानिया पत्नि राजेश कुमार शर्मा निवासी 201 हरिभाऊ उपाध्याय नगर(मुख्य) अजमेर की मृत्यु दिनांक 3/6/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1. राजेश कुमार शर्मा पुत्र रामजी लाल शर्मा निवासी 201 हरिभाऊ उपाध्याय नगर अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के सबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

शिवालय में कलश स्थापना की

भीलवाड़ा। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम परिसर स्थित शिवालय के गुंबद पर कलश स्थापना की गई एवं मंत्रोचार के बीच औम का केसरिया झंडा लगाया गया विश्वनाथ पंकज सुरेखा ,श्याम अग्रवाल द्वारा प्रातः शिव अभिषेक कर दूधाधारी गोपाल मंदिर के कल्याण शर्मा के नेतृत्व में सात पंडितों द्वारा कलश की पूजा कर कलश का अभिषेक करते हुए विधि विधान पूर्वक ध्वजा की पूजा अर्चना कर बैंड बैन्ड बाजो की सुमधुर आवाज के बीच स्थापना हुई की गई कलश स्थापना के कार्यक्रम के तहत वृद्ध आश्रम को आकर्षक रंग-बिरंगे गुब्बारे एवं फूलों से सजावट की गई।

माली समाज झरणा महादेव कमेटी ने सावन महोत्सव के साथ पौधारोपण किया

■ समाज व हर व्यक्ति का दायित्यव है पौधारोपण करना : गोपाल लाल माली

भीलवाड़ा। माली समाज आम चोखला कमेटी झरना महादेव द्वारा माण्डल तहसील अंतर्गत स्थित झरणेश्वर महादेव स्थल पर माली समाज के औंकारेश्वर मंदिर पर सावन महोत्सव मनाया गया।

माली समाज आम चोखला झरणा महादेव कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंसीलाल माली ने बताया कि झरना महादेव स्थित माली समाज के शिव मंदिर पर विशेष सजावट के साथ ही भोलेनाथ के शिवलिंग को फूलों से विशेष सिंगार किया गया। तत्पश्चात समाज कमेटी के मेंबरों ने उनका महा अभिषेक के साथ समाज की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। उपस्थित श्रोताओ ने जय जय भोलेनाथ के नारों से पांडाल को गूंजयमान कर दिया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में वृहद्ध स्तर पर पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण में छायादार व फल वाले पौधे लगाए गए। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली ने हर समाज व व्यक्ति का दायित्व है कि पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण करें। जबकि माली समाज एक किसान वर्ग होने के नाते उनका दायित्व ओर बढ़ जाता है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भैरूलाल, जिला महामंत्री सत्यनारायण माली, मांडल तहसील अध्यक्ष, बंसीलाल माली, लक्ष्मीलाल, गोपाल लाल, प्रभुलाल कच्छावा (केरिया), मीठुलाल माली, कमेटी के कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल गहलोत, शांति लाल माली, मूलचंद गढ़वाल, सुखा गढ़वाल, कन्हैयालाल माली, शंकर लाल गोयल, कालू गोयल, लालाराम गोयल, नानूराम गोयल, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन गढ़वाल सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद कुचामन सिटी

Email : eo.mcorp.kuchaman@rajasthan.gov.in फोन नं- 01586-220022
munibkcity@gmail.com 01586-221526

क्रमांक :- न.प.कु./2025-26/2384 दिनांक :- 31.07.2025

लोक सूचना

निम्न लिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृशिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
1.	श्रीमती सोनकी देवी पत्नी पांचूराम, श्री प्रभूराम, रतनलाल, श्रवणलाल, सुरेश पुत्रान पांचूराम जाति कुम्हार	तहसील कुचामन सिटी, जिला डीडवाना-कुचामन	कुचामन सिटी	4100/4040	0.4000 Hq.

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 31.07.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/7461 आयुक्त नगरपरिषद् कुचामन सिटी

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-809 जाहिर आम सूचना दिनांक 05.08.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/89, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री सुमनेश माथुर पुत्र श्री सूरज नारायण माथुर को आवंटित कर दिनांक 11.10.2000 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री सुमनेश माथुर पुत्र श्री सूरज नारायण माथुर द्वारा दिनांक 28.03.2001 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्री सुमनेश कुमार माथुर की मृत्यु दिनांक 10.05.2004 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती नीता माथुर पत्नि स्व. श्री सुमनेश माथुर द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती नीता माथुर पत्नि स्व. श्री सुमनेश माथुर के पक्ष में सुश्री पूर्वा माथुर पुत्री स्व. श्री सुमनेश माथुर व श्री यश माथुर पुत्र स्व. श्री सुमनेश माथुर द्वारा रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्रीमती नीता माथुर पत्नि स्व. श्री सुमनेश माथुर ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती नीता माथुर पत्नि स्व. श्री सुमनेश माथुर का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

शाहपुरा में अमर शहीद हेमू कालानी के स्मारक का लोकार्पण 12 को

भीलवाड़ा। जिले के शाहपुरा में नगर पालिका की ओर से पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधी कॉलोनी के सामने अमर शहीद हेमू कालानी स्मारक का लोकार्पण समारोह का आयोजन 12 अगस्त को प्रातः 10 बजे समारोह पूर्वक होगा। समारोह की खास बात यह होगी कि देश में कालानी स्मारक के लोकार्पण समारोह में पहली बार हेमू कालानी का परिवार भी मौजूद रहेगें। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मोहन लखपतानी ने बताया कि शाहपुरा नगर पालिका की ओर से अमर शहीद हेमू कालानी का स्मारक तैयार कराया गया है। इसका लोकार्पण समारोह 12 अगस्त मंगलवार को प्रातः 10 बजे होगा। लखपतानी ने बताया कि लोकार्पण समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी महाराज, सनातन उदासीन आश्रम, भीलवाड़ा तथा वासुदेव देवनानी, माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा, जयपुर का सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि समारोह में श्रीमती कमला कालानी (उपाध्यक्ष, अमर शहीद हेमू कालानी यादगार मंडल, मुंबई), सुरेश कालानी (ट्रस्टी, अमर शहीद हेमू कालानी यादगार मंडल, मुंबई) - नरेश कालानी (ट्रस्टी, अमर शहीद हेमू कालानी यादगार मंडल, मुंबई), दामोदर अग्रवाल, सांसद, भीलवाड़ा, डॉ. लालाराम बैरवा, विधायक, शाहपुरा, श्रीचंद कृपलानी, विधायक, निम्बाहेड़ा, रघुनंदन सोनी, अध्यक्ष, नगर पालिका शाहपुरा तथा भीलवाड़ा जिले के सिंधी पंचायतों के पदाधिकारियों की गौरवमयी उपस्थिति रहेगी।

पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। भाजपा के भीष्म पितामह पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. मांगीलाल अगरवाल की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।बाहेती धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राजीव शर्मा ने राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किया। पूर्व विधायक जगजीत सिंह ने कहा कि इन्होने राजनीति में रहकर अपना पूरा जीवन भाजपा के लिये समर्पित कर दिया। भाजपा युवा नेता सुभाष चौधरी ने कहा स्व. मांगीलाल ने जीवन पर्यंत्र पार्टी की सेवा कर प्रदेश में पहचान कायम की। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी,जिला महामंत्री किशन बंग व किशन गोपाल दरगड ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान उप सभापति मनोहर तारानी, भाजपा नेता वेदप्रकाश दाधीच, पार्षद जगदीश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कार्यालय ग्रा.पं. दादिया, पं.स. अरांई, जिला-अजमेर(अरांई)

क्रमांक- ग्रा.प.दा./2025-26/84 सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण आवासीय पट्टा आपत्ति सूचना दिनांक- 05/08/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दादिया के विभिन्न राजस्व ग्रामों के मकानों/भूखण्डों के पट्टों हेतु आवेदन प्राप्त हुए है जिनक पंचायतीराज नियम 157(i) व अन्य नियमों के तहत पट्टे जारी किया जाना प्रस्तावित है। जिन पर आपत्तियां आमंत्रित की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो 30 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज कार्यालय हाजा में प्रस्तुत होकर देवे बाद मियाद गुजरने पर किसी भी व्यक्ति की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम/पति/पिता	जाति	ग्राम	वि.वि.
1.	पारसी पत्नि शिवराज बलाई	बलाई	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
2.	गोपाल पुत्र हेमा खोखर	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
3.	रामस्वरूप पुत्र हेमा खोखर	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
4.	माना राम पुत्र हंगाम	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
5.	रघुनाथ पुत्र रामकरण	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
6.	देवेन्द्र सिंह पुत्र उमराव सिंह बडवा	बडवा	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
7.	मनोज कुमार कोठारी पुत्र गणतप सिंह	कोठारी	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
8.	छोटू पुत्र रामकरण खटीक	खटीक	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
9.	काना पुत्र सुगना रेगर	रेगर	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
10.	संतोष पुत्र बिशना खटीक	खटीक	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
11.	श्रवण पुत्र किशनलाल बलाई	बलाई	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
12.	जवान पुत्र बोदू जाट	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
13.	रामेश्वर लाल खोखर पुत्र गोलूराम	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
14.	विष्णु कुमार प्रजापत पुत्र घिसा लाल	प्रजापत	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
15.	भंवरलाल चौधरी पुत्र कानाराम	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
16.	नारायण खोखर पुत्र छगनलाल खोखर	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
17.	सुनीता चौधरी पत्नि गोपाल मातवा	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
18.	सरिता चौधरी पत्नि जय सिंह मातवा	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
19.	जय सिंह मातवा पुत्र तेजू जाट	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
20.	गोपाल मातवा पुत्र तेजू जाट	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
21.	राजकंवर पत्नि भवानी सिंह बडवा	बडवा	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
22.	मनोज मालाकार पुत्र रघुनाथ मालाकार	मालाकार	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
23.	बबलू पुत्र रघुनाथ मालाकार	मालाकार	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
24.	शिवराज खर्रा पुत्र कुणणमल	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार
25.	सोजी पुत्र कुणण	जाट	दादिया	मिशल पत्रावलीनुसार

नोट- उपरोक्त सुचीनुसार यदि पूर्व में किसी स्तर से कोई पट्टा जारी हो किसी प्रकार का आपसी भाई बंटवारा और विवाद हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो या किसी भी पडोसी व्यक्ति संस्था, सरकारी विभाग, राजस्व विभाग को उपरोक्त सूची के आवेदनकर्ताओं के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर ग्राम पंचायत कार्यालय में आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। बाद मियाद किसी भी कार्यवाही के लिए ग्राम पंचायत जिम्मेदार नहीं होगी और न ही किसी आपत्ति पर कोई विचार किया जाएगा। यदि पूर्व में पट्टे पर पट्टा जारी होना पाया जाता है तो पूर्व में जारी पट्टा स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं पट्टाधारी की होगी एवं पट्टाधारक कानूनी कार्यवाही के लिए जिम्मेदार होगा एवं समस्त जिम्मेदारी आवेदनकर्ता की होगी। अतः सूचित रहे।

सुबिता कंवर
प्रशासक
ग्राम पंचायत दादिया
प.स. अरांई(अजमेर)

शंकर सिंह राठौड
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत दादिया
प.स. अरांई(अजमेर)

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला-अजमेर (राज)

क्रमांक/नपकि/विकास/2025/1519 दिनांक 01.08.2025

ई-निविदा सूचना संख्या - 13/2025-2026

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी सिविल कार्यो में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 04.08.2025 को 09:00 एम से तथा प्राप्त करने की अन्तिम दिनांक 14.08.2025 को 06:00 पीएम तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526A4278
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/7599 नगर परिषद्, किशनगढ

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अविप्रा
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/3723 दिनांक :- 04/08/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 22/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राषि रू. 494.76 लाख की ई-निविदा क्र.सं. 1 के कार्य हेतु दिनांक 25.08.2025 व क्र. सं. 2 से 7 के कार्यो हेतु दिनांक 18.08.2025 को सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http:://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http:://sppp.raj.nic.in) http:://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :-AJD2526WSOB00066 - 72
राज.संवाद/सी/25/7543 अधिशाषी अभियन्ता

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़ जिला -अजमेर (राज.)

क्रमांक/नपकि/स्टोर/2025/13 दिनांक 02.08.25

ई-निविदा सूचना संख्या - 01-02/2025-2026

नगर परिषद किशनगढ की ओर से नगर परिषद किशनगढ एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से नगर परिषद किशनगढ़ मे नक्शा पायलेट परियोजना के अन्तर्गत सर्वेक्षण कार्य (20 सर्वेक्षण दल) हेतु सर्वेयर, हेल्पर एवं वाहन मय चालक उपलब्ध करवाने संबंधित कार्य हेतु ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 04/08/2025 को प्रातः 09.00 बजे से तथा प्राप्त करने की दिनांक 14/08/2025 को दोपहर 12.00 बजे तक एवं निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ व https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

यूबीएन नं. DLB2526A4272
DLB2526A4273
सभापति आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/7496 नगर परिषद्, किशनगढ नगर परिषद्, किशनगढ

एक दिवसीय एनीमिया जांच शिविर का आयोजन

■ पीएम श्री बालिका विद्यालय गुलाब बाड़ी में लगेगा शिविर

अजमेर, (कासं)। पी एम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाब बाड़ी अजमेर में विद्यालय की छात्राओं को एनीमिया के बारे में जानकारी और स्वस्थ पहल के अंतर्गत एक दिवसीय एनीमिया जाँच शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद आदर्श शाखा अजमेर (राजस्थान मध्य प्रांत) के सहयोग से किया गया।

महिला प्रमुख भारत विकास परिषद सीमा मिश्रा ने बताया कि भारत विकास परिषद 1963 से निरंतर सेवा एवं संस्कार के प्रकल्पों के माध्यम से स्वस्थ, समर्थ, संस्कारित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य कर रहा है इसी को मध्य नजर रखते हुए वर्ष 2020 में एनीमिया मुक्त भारत को राष्ट्रीय प्रकल्प का हिस्सा बनाया गया है, जिसका उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को एनीमिया के बारे में जानकारी देना उन्हें इसके करणों व लक्षणों के बारे में शिक्षित करना।

विद्यालय की प्रधानाचार्य इन्द्रा सोनगरा ने आगंतुक भारत विकास कार्यकर्ता एवं गुलाबबाड़ी चिकित्सालय मंजू गहलोत तथा लैब टेक्नीशियन पुष्पा जेठानी का स्वागत किया एवं बताया कि एनीमिया जांच शिविर के आयोजन और एनीमिया से ग्रस्त विद्यालय की छात्राओं को आईरन सप्लीमेंट्स व अन्य आवश्यक दवाई डॉक्टर के परामर्श से ले सके एवं एनीमिया मुक्त भारत के स्वप्न को साकार कर सके।

विद्यालय के सदन प्रभारी ने बताया कि कक्षा 6 से 12 तक कुल 526 छात्राओ की एनीमिया जांच (हीमोग्लोबिन की जांच) की गई जो कि भारत विकास परिषद के द्वारा लिया गया लक्ष्य 1 लाख विद्यार्थियों की एनीमिया जाँच का हिस्सा बना। विद्यालय के समस्त शिक्षको ने एक दिवसीय शिविर को सफल बनाया एवं प्रत्येक छात्राओं को गुड-चना वितरित करते हुए, उन्हें नियमित इनका सेवन करने के लिए जागरूक किया। सहयोगी शिक्षकों में व्यवस्था के लिए अंकुर प्रजापति एवं प्रीति बागोरिया, लीला जैन का पूरा-पूरा सहयोग रहा।